नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

युद्ध का स्वरूप बदला पर टैंक आज भी जरूरी : राजनाथ

- रक्षा के क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भरता की जरूरत
- 472 करोड़ की टैंक परियोजना का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

जबलपुर, 27 अगस्त. आज युद्ध का चरित्र तेजी से बदल रहा है. ड्रोन, मिसाइल, प्रिसीजन गाइडेड वेपन्स, सैटेलाइट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर वारफेयर आधुनिक युद्ध का हिस्सा बन चुके हैं. बावजूद टैंक अभी भी सेना के अभिन्न हिस्सा बने हुए हैं. यह बात रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की इकाई व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में टी-सीरीज टैंक ओवरहाल के भूमिपूजन के अवसर पर कही. उन्होंने बताया कि व्हीकल फैक्ट्री में 472 करोड़ रुपए की लागत से टी-72 और टी-90 टैंकों के ओवरहॉल के लिए स्ट्रैटेजिक फैसिलिटी का निर्माण करने से हर साल 80 अतिरिक्त टैंकों की ओवरहॉलिंग क्षमता विकसित होगी. जबलपुर की 80 टैंकों की क्षमता जुड़ने के बाद देश में हर साल 230 टैंकों की ओवरहॉलिंग की जा सकेगी.

नए प्रोजेक्ट से रोजगार मिलेगा : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शिक्षा, चिकित्सा, अधोसंरचना और निवेश सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है. प्रदेश से 74 हजार करोड़ का निर्यात होना प्रगति का महत्वपूर्ण उदाहरण है. गन कैरेज फैक्ट्री सहित रक्षा क्षेत्र की विभिन्न फैक्ट्रियों ने देश की सुरक्षा में अपनी अलग पहचान बनाई है. मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा मंत्री के माध्यम से मध्यप्रदेश को लगातार रक्षा क्षेत्र में नई सौगातें मिल रही हैं. भोपाल में बीईएमएल के माध्यम से महत्वपूर्ण परियोजना मिली है. प्रदेश में वंदे भारत सहित विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण की दिशा में भी काम हो रहा है. उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में निवेश से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी.

मप्र को राहत, केंद्र सरकार ने मूंग खरीदी का कोटा बढ़ाया

ग्रीष्मकालीन मूंग की 5 .33 लाख मीट्रिक टन हुई खरीदी, स्वीकृत कोटा 5 .39 लाख मीट्रिक टन रहा

- 84,492 मीट्रिक टन अतिरिक्त कोटा बढ़ा
- मप्र पर अब नहीं पड़ेगा अतिरिक्त वित्तीय भार

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 27 अगस्त. केंद्र सरकार ने मप्र को बड़ी राहत दी है. केंद्र अब मप्र का 84492 मीट्रिक टन अतिरिक्त मूंग की खरीदी करेगा. केंद्र सरकार ने गुरुवार को इसकी मंजूरी दे दी है. पहले मप्र के लिए मूंग खरीदी का कोटा 5.39 लाख मीट्रिक टन तय किया गया था.

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में मप्र के कृषि एवं बागवानी मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस समीक्षा बैठक में म.प्र. में ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीद, किसानों को एमएसपी का लाभ तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि म.प्र. सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा

ग्रीष्मकालीन 2026 सीजन के दौरान मूंग की खरीद के लिए पहले 4,54,580 मीट्रिक टन की मात्रा स्वीकृत की गई थी. इसके बाद किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त 84,492 मीट्रिक टन मात्रा भी स्वीकृत की गई. इससे राज्य सरकार पर कोई वित्तीय भार नहीं आया. इस प्रकार, ग्रीष्मकालीन 2026 सीजन में मप्र के लिए मूंग की कुल स्वीकृत खरीद मात्रा 5,39,072 मीट्रिक टन रही. मूंग खरीद अवधि अब समाप्त हो चुकी है और राज्य में कुल 5.33 लाख मीट्रिक टन मूंग की खरीद की गई है. यह खरीद स्वीकृत सीमा के भीतर रही और सभी इच्छुक तथा पंजीकृत किसानों से उनकी उपलब्ध मूंग की खरीद की गई. इससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य एमएसपी पर प्राप्त हुआ और उन्हें सीधे लाभ मिला.

> मूंग खरीद कार्य मुख्यत: नाफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से किया गया. खरीद व्यवस्था के तहत किसानों को समय पर भुगतान और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया. ग्रीष्म 2025 में जहां 4,19,692 मीट्रिक टन की स्वीकृत मात्रा के विरुद्ध 3,93,123 .79 मीट्रिक टन की खरीद हुई थी, वहीं ग्रीष्म 2026 में स्वीकृति और वास्तविक खरीद दोनों में बढ़ोतरी दर्ज की गई.

24 बैगा बच्चों की मौत की जांच शुरू

गांवों में पहुंची आयोग की टीम

नवभारत न्यूज

बालाघाट, 27 अगस्त. जिले के बिरसा क्षेत्र में बैगा जनजाति के 24 बच्चों की मौत के मामले ने अब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का ध्यान खींचा है. आयोग अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय दल ने प्रभावित इलाकों में पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.

बच्चों की मौत खसरा, मलेरिया और अन्य बीमारियों से होने की जानकारी सामने आई है. आयोग अब मौतों के कारणों के साथ सरकारी स्वास्थ्य और कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की भी पड़ताल कर रहा है. जांच दल में विधि सलाहकार प्रकाश कुमार उइके, डायरेक्टर पूर्णेदुकांत और इन्वेस्टिगेटर शिवप्रकाश शामिल हैं. टीम ने सोनगुड्डा, बोंदारी, कुंडेकसा, कोरका, गठिया और मछुरदा गांवों का दौरा किया.

> टीम ने इन स्थानों पर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति समझने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया. इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्रों और जनजातीय छात्रावासों की व्यवस्थाएं भी देखी गईं. दल ने मृत बच्चों के परिवारों से सीधे बातचीत की. परिजनों से बच्चों की बीमारी की शुरुआत, उपचार के लिए अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच, टीकाकरण की स्थिति, पोषण और घरों में पेयजल उपलब्धता से जुड़े सवाल पूछे गए. जांच के दौरान स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को भी देखा गया.

चंबल में जमकर बारिश

- आसन नदी में डूबे दो युवकों के शव बरामद
- नदियों एवं बांधों का जलस्तर बढ़ा

नवभारत टीम

ग्वालियर, 27 अगस्त. समूचे ग्वालियर-चंबल अंचल में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने से आज सुबह से शाम तक जबरदस्त बारिश हुई. रुक-रुककर कभी तेज तो कभी मद्धिम बारिश से जहां उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिली है, वहीं तिघरा जलाशय का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है.

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक अंचल में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है. बारिश के चलते सड़कों पर पानी भरने से जगह जगह ट्रैफिक जाम के हालात बन गए. इधर मुरैना के माता बसैया थाना क्षेत्र में भूमिया मंदिर के पास बुधवार को आसन नदी के तेज बहाव में बहे दोनों युवकों के शव आज एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिए. गुरुवार सुबह पहले ग्वालियर निवासी इरशाद खान का शव मिला था. इसके बाद रेस्क्यू अभियान में दूसरे युवक अशोक का शव भी बरामद कर लिया गया है.

एक नजर में

एनएच 39 पर भीषण हादसा, तीन की मौत

रीवा. राष्ट्रीय राजमार्ग 39 रीवा सीधी मार्ग पर गुढ़ बाईपास स्थित भैरव बाबा मोड़ के समीप आज दोपहर लगभग 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. तेज रफ्तार अपाचे मोटरसाइकिल और स्कूटी के बीच हुई आमने सामने की जोरदार भिड़ंत में 4 वर्ष की मासूम बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गई.

योगासन में 12 पदकों पर जमाया कब्जा

देवास. योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम ही नहीं, बल्कि अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का भी आधार है. इसी का शानदार उदाहरण देवास में देखने को मिला, जहां धर्मार्चना योग एवं थैरेपी सेंटर के साधकों ने जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से 12 पदक अपने नाम कर लिए.

गुस्ताखी माफ

पांच महीने में दूसरी बार कार बनी हत्या का हथियार

टाउनशिप में घुसने से रोकने पर चौकीदार को दो बार कुचला, इलाज के दौरान मौत

नव भारत न्यूज

इंदौर, 27 अगस्त. लसूड़िया थाना क्षेत्र में पांच महीने के भीतर कार से कुचलने की दूसरी बड़ी घटना सामने आई है. द एक्जोटिका टाउनशिप में प्रवेश से रोकने पर हुए विवाद के बाद युवक ने चौकीदार धर्मेंद्र मालवीय को कार से दो बार कुचल दिया. गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाए गए धर्मेंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गोविंद घायल हुआ है.

घटना बुधवार रात करीब 10 बजे द एक्जोटिका टाउनशिप के गेट पर हुई. पुलिस के मुताबिक अरंडिया निवासी राजा उर्फ कमल कुमावत अपने दोस्तों के साथ कार लेकर टाउनशिप में पहुंचा था. गेट पर तैनात चौकीदार धर्मेंद्र पुत्र रामचंद मालवीय ने उसे अंदर जाने से रोक दिया. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया. विवाद के दौरान राजा ने धर्मेंद्र को थप्पड़ मार दिया.

आरोपी की तलाश : डीसीपी

मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने नव भारत को बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है, सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है.

आरोपी के घर दबिश

घटना की सूचना मिलने के बाद लसूड़िया पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की. गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है और घटनाक्रम से जुड़े अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं.

बीएसएनएल के दो इंजीनियर गिरफ्तार

डेढ़ लाख की ली थी रिश्वत

नवभारत न्यूज

भोपाल, 27 अगस्त. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को बीएसएनएल के मध्यप्रदेश सर्किल में पदस्थ दो वरिष्ठ इंजीनियरों को 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया. दोनों अधिकारियों ने जबलपुर की एक फर्म का बकाया भुगतान जारी करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी.

सीबीआई ने कार्रवाई के बाद दोनों अधिकारियों के भोपाल, लखनऊ और कानपुर स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी की. जानकारी के अनुसार जबलपुर की एक फर्म ने सीबीआई की भोपाल यूनिट में शिकायत की थी. फर्म को बीएसएनएल की ओर से ऑपरेशन एंड कॉम्प्रिहेंसिव मेंटेनेंस और इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन का ठेका मिला था. इस ठेके के तहत अलग-अलग तरह के 14 इलेक्ट्रिकल कार्य किए जाने थे. फर्म का कहना था कि काम पूरा करने के बाद उसका कुछ भुगतान बीएसएनएल की ओर से बाकी था. शिकायत के अनुसार बकाया भुगतान रिलीज करने के बदले बीएसएनएल एमपी सर्किल में पदस्थ चीफ इंजीनियर एके शुक्ला और सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर विस्वा बंधु चक्रपाणी ने फर्म से 2-2 लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी.

एके शुक्ला,आरोपी

उपभोक्ता बनकर पहुंची सीबीआई टीम

सीबीआई टीम तय योजना के मुताबिक साकेत नगर स्थित बीएसएनएल के इलेक्ट्रिकल डिवीजन कार्यालय पहुंची. यहां एके शुक्ला और विस्वा बंधु चक्रपाणी को 75-75 हजार रुपए, यानी कुल 1.50 लाख रुपए दिए गए.

अनुष्का शर्मा इंडिया-ए की टी20 टीम की कप्तान बनीं

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 27 अगस्त. शहर की प्रतिभाशाली महिला क्रिकेटर अनुष्का शर्मा ने एक बार फिर ग्वालियर का नाम देशभर में रोशन किया है.

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया-ए महिला टीम के भारत दौरे के लिए इंडिया-ए की टीम घोषित कर दी है. इसमें ग्वालियर की अनुष्का शर्मा को टी20 टीम की कप्तान बनाया गया है. अनुष्का के लिए यह लगातार दूसरी बड़ी कप्तानी की जिम्मेदारी है. इससे पहले मई 2026 में भी उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया-ए महिला टी20 टीम की कप्तानी सौंपी गई थी. ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ एक बार फिर चयनकर्ताओं ने उन पर भरोसा जताते हुए टीम की कमान दी है.

ऑस्ट्रेलिया-ए से तीन मैच

भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच तीन टी 20 मुकाबले 12, 15 और 17 सितंबर को न्यू चंडीगढ़ में खेले जाएंगे.

भाजपा नेता से बहस की तो हुए लाइन अटैच

सिविल लाइन पुलिस ने की थी एनडीपीएस की कार्यवाही, थाने में बिगड़ा था मामला

नवभारत न्यूज

रीवा, 27 अगस्त, रीवा शहर के सिविल थाना प्रभारी विजय सिंह को पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने लाइन अटैच कर दिया गया.दरअसल चार दिन पूर्व सांई मंदिर के पास से एक ठेले से नशीली कफ सिरप मिली थी. पुलिस को अचानक 'गुप्त सूचना' मिलती है कि एक ठेले पर एनडीपीएस के तहत आने वाली प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की शीशियां रखी हैं. पुलिस मुस्तैदी दिखाती है और तुरंत कार्रवाई कर देती है.

साहू समाज का आरोप है कि पुलिस विभाग के ही एक चर्चित आरक्षक ने पहले खुद षड्यंत्र रचा, चुपके से ठेले में कफ सिरप की शीशियां रखवाई और फिर खुद ही 'मुखबिर' बनकर पुलिस टीम को फोन किया और मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई कर सिरप जब्त किया.फर्जी कार्रवाई के विरोध में आरोपी के परिजन साहू समाज के लोग और भाजपा नेता बंसी साहू थाने के अंदर ही धरने पर बैठ गए.

फिर क्या था? थाने के मुखिया, थाना प्रभारी विजय सिंह को यह 'सत्याग्रह' रास नहीं आया. दोनों पक्षों के बीच बातचीत से शुरू हुआ मामला देखते ही देखते 'तू कौन? मैं कौन!' और 'तुम जानते नहीं मैं कौन हूँ!' के स्तर पर आ गया. दोनों ओर से मर्यादाओं की धज्जियां उड़ीं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. भाजपा नेता का आरोप है कि थाना प्रभारी ने उनके साथ जमकर 'अभद्रता' (बदसलूकी) की. पूरे मामले को लेकर साहू समाज और व्यापारियों ने रीवा पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की थी.

'विद्यार्थी हुंकार' में उग्र हुए छात्र, कलेक्ट्रेट में घुसे

नवभारत न्यूज़

इंदौर, 27 अगस्त. शासकीय महाविद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार को विद्यार्थी हुंकार अभियान के तहत कलेक्ट्रेट के बाहर उग्र प्रदर्शन किया. इसके बाद बैरिकेड गिराकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश भी कर लिया.बड़ी संख्या में विद्यार्थी मार्च निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर शिवम वर्मा को उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की मांग की.

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर बैरिकेड लगाए थे. बैरिकेड लगाए जाने से प्रदर्शनकारी आक्रोशित हो गए और उन्होंने बैरिकेड गिराकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश कर लिया. इसके बाद कार्यालय के गेट में भी प्रवेश का प्रयास किया गया.

मौके पर तैनात पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की, जिसके चलते पुलिस और छात्रों के बीच तीखी नोकझोंक हुई. स्थिति को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जिले के कई शासकीय महाविद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई वाले शौचालय, बेंच-डेस्क, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला और खेल मैदान जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति खराब है. इसके अलावा बिजली, इंटरनेट, पार्किंग, प्राथमिक चिकित्सा और छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं में भी सुधार की जरूरत है.

आंदोलन जारी रहेगा : गुर्जर

अभाविप के इंदौर महानगर मंत्री देवेश गुर्जर ने छात्राओं के लिए सुरक्षित शौचालय व कॉमन रूम, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रैंप की मांग की.उन्होंने कहा कि शासन इन मांगों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करे. अभाविप ने कहा कि मांगें पूरी होने तक विद्यार्थी हुंकार अभियान के तहत आंदोलन जारी रहेगा.

नामांतरण के लिए रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार

भिंड. मेहगांव में जमीन के नामांतरण के लिए रिश्वत ले रहे पटवारी को लोकायुक्त पुलिस ने आज पांच हजार रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. सिमार हल्के में पदस्थ पटवारी संजय बघेल पर आरोप है कि उसने फरियादी से नामांतरण के एवज में पहले 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी. बाद में 10 हजार रुपए में सौदा तय हुआ. फरियादी की शिकायत पर लोकायुक्त ने सत्यापन के बाद ट्रैप की कार्रवाई की और पांच हजार रिश्वत की पहली किस्त लेते ही पटवारी को दबोच लिया. फरियादी राघवेन्द्र बघेल ने अपनी पत्नी के नाम जमीन खरीदी थी. जमीन का नामांतरण कराने के लिए वह सिमार हल्के के पटवारी संजय बघेल के पास पहुंचा.

पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर में बाबा महाकाल का होगा विशेष पूजन और श्रृंगार

महाकाल को बंधेगी सबसे पहली राखी, सवा लाख लड्डुओं का भोग

नवभारत ब्यूरो

उज्जैन, 27 अगस्त. श्री महाकालेश्वर मंदिर में परंपरा के अनुसार देश-दुनिया में रक्षाबंधन मनाए जाने से पहले सबसे पहली राखी राजाधिराज भगवान महाकालेश्वर को अर्पित की जाएगी. श्रावण मास के अंतिम दिन भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल का पंचामृत अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा और पुजारी परिवार की महिलाओं द्वारा तैयार की गई विशेष राखी अर्पित की जाएगी.

रक्षाबंधन के दिन तड़के 3 बजे होने वाली भस्म आरती में भगवान महाकाल का जल, दूध, दही, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा. इसके बाद सूखे मेवों और भांग से बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार किया जाएगा. इसके बाद पुजारी परिवार की महिलाओं द्वारा तैयार की गई विशेष राखी भगवान महाकाल को अर्पित की जाएगी. मान्यता के अनुसार भगवान महाकाल कालजयी हैं और भद्रा या मुहूर्त के बंधन से परे माने जाते हैं. इसलिए सबसे पहले बाबा महाकाल को राखी अर्पित कर सृष्टि के कल्याण की कामना की जाएगी.

वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार पुजारी परिवार की महिलाएं बाबा महाकाल के लिए विशेष रक्षासूत्र तैयार करती हैं. इस बार करीब 2 फीट लंबी राखी बनाई जा रही है. इसे रेशम के धागों, स्पंज, आभूषणों और विशेष वस्त्रों से सजाया जा रहा है. पुजारी परिवार की महिलाओं के अनुसार राखी तैयार करने में करीब 8 से 10 दिन का समय लगता है. इस दौरान श्रावण माह के उपवास और मंगल गीतों के बीच पूरी श्रद्धा और पवित्रता के साथ रक्षासूत्र तैयार किया जाता है.

> रक्षाबंधन और श्रावण महोत्सव के समापन के अवसर पर बाबा महाकाल को सवा लाख लड्डुओं का महाभोग लगाया जाएगा. पंडित राजेश शर्मा, पंडित ओम गुरु और पंडित आकाश सहित पुजारी परिवार की ओर से इसकी तैयारियां की जा रही हैं. सवा लाख लड्डुओं के निर्माण में करीब 15 क्विंटल बेसन, 10 क्विंटल शुद्ध घी, 15 क्विंटल शक्कर बूरा और 2 क्विंटल मेवे के साथ इलायची का उपयोग किया जा रहा है.